तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 सितंबर 2024

11 सरकार के खिलाफ कांग्रेस के युवाओं ने खोला मोर्चा

10 पीएससी पर भारी पड़ा यूपीएससी, एक दिन में हुईं




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## देवरबीजा में पसरी गंदगी, स्वच्छता व सफाई के मामले में फिसड्डी साबित हो रही पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा।

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देवरबीजा में इन दिनों स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। पंचायत प्रशासन की निष्क्रियता एवं लापरवाही के कारण देवरबीजा के चौक-चौराहे भी गन्दगी व कूड़े के ढेर में तब्दील हो रहे हैं जो इस सुंदर गाँव की खूबसूरती पर ग्रहण लगा रहा हैं।

वैसे तो शासन-प्रशासन द्वारा गाँव की सुंदरता एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए लाखों रुपये हर साल जारी किए जाते हैं, जिसमें मूलभूत सुविधाओं एवं जरूरी कार्य कराने की जवाबदेही स्थानीय पंचायत प्रशासन की होती है। वहीं, बरसात के मद्देनजर गाँव में स्वच्छता एवं सफाई को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी पंचायतों को हिदायत दी जाती है, किंतु उन्हीं के आदेश-निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए पंचायत के फंड का सदुपयोग न हो, तो गाँव की स्थिति काफी बदतर हो जाती है। इसका अंदाजा देवरबीजा गाँव की दुर्दशा को देखकर लगाया जा सकता है। चूंकि यह बेरला जनपद का एक बड़ा एवं अहम ग्रामीण पंचायत होने के कारण स्वच्छता के प्रति इनकी अपनी अलग ही रोल मॉडल होनी चाहिए। लेकिन असलियत में यहां की सफाई की हालत एवं स्वच्छता की तस्वीर जमीनी स्तर पर बहुत ही अलग है। गाँव मे यहां-वहां कूड़े-कचरे का अव्यवस्थित ढेर, वहीं उन पर मंडराते मवेशियों के झुंड एवं सुलभ शौचालय में गन्दगी सहित कीचड़-दलदल से देवरबीजा गाँव की काफी फजीहत हो रही है।

### जिम्मेदारों की लापरवाही से जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर



#### उठ रही है नगर पंचायत बनाने की मांग

उल्लेखनीय है कि इस ग्राम पंचायत के महत्व एवं अहमियत को ध्यान में रखते हुए इस गांव को नगर पंचायत बनाने की मांग काफी अरसे से की जा रही है। परन्तु, देवरबीजा पूरे बेरला विकासखंड सहित आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुन्दरता के मामले में काफी फिसड्डी साबित हो रहा है। इसके लिए आम नागरिक स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। गाँव के वेस्ट कचरे एवं नालियों के बेहतर प्रबंधन के अभाव एवं समस्याओं पर त्वरित समाधान को नज़रन्दाज़ करना स्थानीय प्रशासन की उदासीनता का परिचय दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का राज्य सरकार के खिलाफ मौन प्रदर्शन आज

**बेमेतरा।** कांग्रेस आज राज्य सरकार की महिलाओं की सुरक्षा पर नाकामियों को लेकर मौन प्रदर्शन करेगी । जारी प्रेस बयान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने कहा कि प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार,अनाचार व गैंगरेप जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है, लचर कानून व्यवस्था से महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे से तहसील आफिस के सामने एक दिवसीय मौन प्रदर्शन कर विरोध जताएगी। श्री पटेल ने जिले के कांग्रेसजन, प्रदेश पदाधिकारी/ जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी, पूर्व विधायक, सेवादल, महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### सोढ़-भरचट्टी में रविवार रात भीषण सड़क दुर्घटना में बेलतरा निवासी की मौत

## कंटीले तारों में फंसा मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार रात बेरला थाना इलाके के ग्राम सोढ-भरचट्टी मार्ग पर पानी टँकी के समीप मोड़ पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान थानखम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलतरा निवासी 18 वर्षीय युवक महेश साहू पिता भरत साहू के रूप में हुई है।

- बाइक की तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण दुर्घटना होने का लगाया जा रहा अनुमान

घटनास्थल पर महेश का शव कंटीले तारों में फंसा हुआ मिला। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा, जिसके बाद थाना बेरला को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। जहाँ मृतक के शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गयी। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए बेरला भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक महेश अपने किसी दोस्त से मिलने घर से निकला था, जो रात के अंधेरे में इस अंधे मोड़ पर सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ होगा। आशंका है कि महेश साहू काफी स्पीड से दोपहिया बाइक चला रहा होगा। ग्राम सोढ़ से पहले ही वाटर टैंक के करीब ही, एकाएक काफी खतरनाक अंधा मोड़ है। संभवतः बहुत ज्यादा रफ्तार होने के कारण अंधेरे में वह अपना सन्तुलन खो बैठा होगा और इसी बीच खेतों को पशुओं से सुरक्षा के लिए लगाए कंटीले तारों की घेराबंदी में वह बाइक सहित टकराया और कांटेदार तार में फंस गया। मौके पर देखने से अनुमान लगाया जा रहा है कि स्पीड गाड़ी सहित तार घेरे के साथ टकराया होगा। युवक की गर्दन कांटेदार तार में फंस गई थी, वहीं उसकी बाइक भी उसी पर गिर गई थी। उसके कपड़े पूरी तरह फट गए थे। शरीर पर जगह-जगह कंटीले तार के कारण खरोच और घाव के निशान बन गए थे। ऐसी सम्भावना जताई जा रही है कि रात में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सुबह होते तक युवक को इलाज नहीं मिल पाने के कारण उसकी मौत हो गई होगी। मामले में बेरला पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। वहीं इस दुर्घटना में युवक की मौत के कारण बेलतरा गाँव में शोक की लहर है।

## अज्ञात वाहन ने 9 मवेशियों को रौंदा, मौत, चालक फरार



**बेमेतरा।** दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग पर रविवार रात एक साथ 9 घुमन्तु पशुओं को एक अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। सुबह क्षत-विक्षत पड़े बेजुबान पशुओं के शवों को ग्रामीणों ने सड़क से हटाकर अवरुद्ध रास्ते पर आवागमन बहाल किया। मिली जानकारी के अनुसार काफी अरसे से ग्राम राखी-जोबा के पास अक्सर घुमन्तु मवेशियों का जमावड़ा रहता रहा है। इस ओर न तो जिम्मेदार पशु मालिक ध्यान देते और न ही सड़क व यातायात विभाग ने कभी ध्यान दिया। लिहाजा रात में एक साथ एक अज्ञात वाहन ने पूरे मवेशियों के झुंड पर गाड़ी चलाकर बुरी तरह कुचल दिया एवं मौके पर से फरार हो गया। इसकी जानकारी बाद में जब ग्रामीणों को लगी तो काफी निराश मन से पशुओं के शवों को सड़क से दूर कर यातायात व्यवस्था दुरुस्त की। इस सम्बंध में ▶▶| शेष पेज 11 पर

- रविवार रात दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर हुई दुर्घटना

## आकाशवाणी में सरस्वती की रचनाओं का प्रसारण 5 को



**बेमेतरा।** सुग्घर साहित्य समिति की सक्रिय सदस्य कवयित्री सरस्वती साहू सरस की रचनाओं का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से 5 सितंबर को किया जाएगा। कवयित्री सरस्वती साहू सरस की रचनाओं का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर के युववाणी कार्यक्रम के अंतर्गत माटी के आखर नामक कार्यक्रम में संध्या 5 बजे किया जाएगा। इसे ऑल इंडिया रेडियो एप के माध्यम से मोबाइल फोन पर भी सुना जा सकता है।बता दें कि सरस्वती साहू के रचनाओं की रिकॉर्डिंग आकाशवाणी रायपुर में 29 अगस्त को की गई।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

FAYDE KE
20
DIN
2nd SEP - 22nd SEP
RATHI'S
BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS
Limited Time.
Unlimited Fayde!
Discounts on all product range
Get discount vouchers on next purchase
Upto 70% OFF On Selected Products
AND MANY MORE...
KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES
hansgrohe | icon WORLD OF TILE
fima CARLO FRATTINI | FlexStone
Oyster Bathroom beauties for the privileged | ELEVATED LIVING haique Quartz | Marble | Terrazo
HÄFELE | SABURI PLYWOOD
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 8518882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020

# पीएससी पर भारी पड़ा यूपीएससी, एक दिन में हुईं तीन बड़ी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को तीन बड़ी परीक्षाएं एक साथ आयोजित हुईं। इनमें यूपीएससी की दो और पीएससी की एक परीक्षा शामिल रही। यूपीएससी ने तीन पालियों में कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा आयोजित की।

जबकि यूपीएससी की ही नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा दो पालियों में ली गई। उपस्थिति के हिसाब से यूपीएससी, पीएससी पर भारी पड़ा। यूपीएससी की कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा में तीनों पालियों में उपस्थिति 55 से 58.8 प्रतिशत तक रही। नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा में छात्रों का उपस्थिति प्रतिशत 63.2 प्रतिशत रहा। एनडीए, सीडीएस की भर्ती परीक्षा के लिए यूपीएससी की ओर से एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके थे। पीएससी ने भी पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे।

- यूपीएससी ने तीन पालियों में आयोजित की कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा
- दो पाली में हुई यूपीएससी की ही नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा
- पीएससी ने आयोजित की परिवहन उप निरीक्षक के लिए परीक्षाएं



### सुबह से शाम तक परीक्षाओं का दौर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा तीन पालियों में प्रातः 9. 00 बजे से 11.00 बजे, द्वितीय पाली दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तथा तृतीय पाली दोपः 3.00 बजे से 5.00 बजे तक हुई। इसके साथ नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2.00 बजे से 4.30 बजे तक दो पालियों में हुई। बड़े पैमाने पर हुई इस परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए एक दिन पहले ही बैठक आयोजित की गई थी। कड़े मानक सभी परीक्षाओं के लिए बनाए गए थे।

### 6 हजार ने भरे फॉर्म, पहुंचे सिर्फ 1 हजार 400

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा परिवहन उप निरीक्षक (तकनीकी) परीक्षा का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक किया गया। राजधानी रायपुर में पीएससी की परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए गए थे, जबकि यूपीएससी ने परीक्षा पाली के आधार पर केंद्रों का निर्धारण किया था। परीक्षार्थियों में पीएससी से अधिक क्रेज यूपीएससी को लेकर देखने को मिला। पीएससी की परीक्षा में जहां उपस्थिति 23.4 प्रतिशत ही रही, तो वहीं यूपीएससी में छात्रों की उपस्थिति 64 प्रतिशत तक रही। इसके लिए 6 हजार 157 आवेदन मिले थे, जबकि परीक्षा दिलाने सिर्फ 1 हजार 441 अभ्यर्थी ही पहुंचे।

## खबर संक्षेप



### 'खेल रही है पानी से' का किया लोकार्पण

रायपुर। डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' के आवास के प्रथमतल पर स्थित पुस्तकालय में रविवार को विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों द्वारा उनके बाल कविता संग्रह 'खेल रही है पानी से' का लोकार्पण किया गया। पुस्तक के संदर्भ में डॉ. नवरंग ने कहा कि बाल कविताएं वही सार्थक मानी जाती हैं, जिनका सरोकार उनकी मानसिकता से होता है, जो मनोरंजक होने के साथ ही ज्ञानवर्धक भी होती हैं एवं बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं। समझने के लिए उनसे मानसिक कसरत नहीं करवातीं। लोकार्पण के अवसर पर सीताराम विश्वकर्मा, पीआर विश्वकर्मा, किशनलाल विश्वकर्मा, नंदकिशोर पांचाल, राजाराम विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा, पुन्नी विश्वकर्मा, मयंक विश्वकर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य मनोहर विश्वकर्मा, मोहनलाल विश्वकर्मा एवं शशि आचार्य उपस्थित रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का सहज समाधि ध्यान योग आज से

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्रीश्री रविशंकर द्वारा प्रदत्त सहज समाधि ध्यान योग का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम कमल विहार सेक्टर-12 में तीन दिवसीय 3 से 5 सितंबर तक किया जाएगा। यह योग सुबह 6.30 बजे से प्रातः 8.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 16 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इस कार्यक्रम में डॉ. सरिता बाजपेयी आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम शिक्षक टीचर एवं मुकेश निहाल पेरेंटिंग एक्सपर्ट, लाइफ कोच आदि शामिल होंगे।

### शिशु और बच्चों को दूध पाउडर उपलब्ध कराया



रायपुर। हर्ष एनजीओ द्वारा सेवा भारती मातृछाया आश्रम कोटा के नवजात शिशु एवं बच्चों के लिए उनकी जरूरतों का सामान उपलब्ध कराया गया। छोटे बच्चों के लिए दूध पाउडर, डायपर, बेबी आयल, पाउडर सोप के साथ नाश्ते के लिए पोहा, इडली, बिस्किट, चॉकलेट आदि उपलब्ध कराए गए। समिति के अध्यक्ष डॉ. हर्ष तिवारी ने बताया कि इस कार्य में डॉ. नितेश तिवारी, नीलम नाग, अन्नपूर्णा ठाकुर, मुक्ति लकड़ा, रूबी साहू, मनीषा गुलहरे एवं अन्य सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था आने वाले समय में जनहित सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

### नशीली टेबलेट जब्त आरोपी गिरफ्तार




रायपुर। सरस्वती नगर पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 20 हजार रुपए कीमत की 864 नग नशीली टेबलेट जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, कुकुरबेड़ा निवासी मनीष चंद्राकर के कब्जे से स्पॉस्मो टेबलेट जब्त की गई है। मनीष द्वारा घर में चोरी-छिपे नशीली टेबलेट बेचे जाने की जानकारी मिलने के बाद छापे की कार्रवाई की गई

### उरकुरा में 25 हजार की आबादी को बिरगांव निगम देगा नई सुविधा

# डुप्लेक्स मंगल भवन को तीन महीने में देंगे फाइनल टच, दिसंबर से शुरू होगी बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उरकुरा में 25 हजार से ज्यादा की आबादी को दिसंबर से डुप्लेक्स मंगल भवन बुकिंग की सुविधा मिलने वाली है। मंगल भवन में किचन, हॉल के साथ ही भवन बुक कराने वाले लोगों को सर्व सुविधायुक्त 5 कमरे भी मिलेंगे। डुप्लेक्स का निर्माण कर रही एजेंसी को निगम आयुक्त ने नवंबर तक काम पूरा करने के लिए निर्देश दिया है। इसे देखते हुए एजेंसी कर्मियों ने मंगल भवन को अब फाइनल टच देना शुरू किया है।


बिरगांव निगम बनने के करीब 10 साल बाद उरकुरा की घनी आबादी के बीच अब पहले मंगल भवन की सुविधा मिलने वाली है। इसके पहले उरकुरा में लोगों के बीच एक भी बड़े मंगल भवन की सुविधा नहीं थी। उरकुरा वार्ड के लोगों द्वारा लगातार की गई मांग के बाद निगम के जिम्मेदारों ने 2. 83 करोड़ में डुप्लेक्स मंगल भवन बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव दिया था। इसे मंजूरी मिलने के बाद लोगों को नई सुविधा देने के लिए भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

अब नए साल से पहले ही क्षेत्र के लोगों को वैवाहिक सहित हर तरह के आयोजन के लिए सर्व सुविधायुक्त भवन मिलने वाला है। इसके पहले लोगों को इस सुविधा के लिए प्राइवेट भवन मालिकों को ज्यादा किराया के साथ ही भारी-भरकम मेंटेनेंस शुल्क भी देना पड़ता था, अब राहत मिलेगी।



### लोगों को मिलेगी यह सुविधा

मंगल भवन का निर्माण 10 हजार वर्गफीट एरिया में हो रहा है। इसमें लोगों को विभिन्न आयोजनों के लिए बड़ा हॉल और रसोई की सुविधा मिलेगी। शादी-सगाई के लिए भवन बुक कराने वाले परिवारों को सर्व सुविधायुक्त 5 कमरे भी मिलेंगे। भवन के लिए करीब एक एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। इस भवन परिसर में लोगों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। उरकुरा मुख्य मार्ग से करीब 150 मीटर की दूरी पर भवन होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति भी नहीं बनेगी। आबादी से दूर होने से लोगों को बैंड-बाजे व धुमाल के शोर-शराबे की शिकायत भी नहीं होगी।



### नवंबर में ही पूरा होगा निर्माण

सर्वसुविधा युक्त मंगल भवन का निर्माण एजेंसी को नवंबर में पूरा करके देने के लिए कहा गया है। प्रयास किया जा रहा है कि भवन बुकिंग की सुविधा लोगों को दिसंबर से मिल सके। निर्माण कार्य को फाइनल टच देने के बाद विद्युत सिस्टम लगाएंगे। - **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, ननि बिरगांव

### घनी आबादी को मिलेगी राहत

बिरगांव के हर्षित विहार, डीएम टॉवर, उरकुरा के मां शीतला माता, संत कबीरदास, ठाकुर प्यारेलाल और माधवराव सप्रे वार्ड की घनी आबादी में किराए के मकान में रहने वाले लोगों को इस सुविधा से बड़ी राहत मिलने वाली है। अभी उरकुरा के 4 वार्डों में सामाजिक भवन खाली होने पर ही दूसरे समाज के लोगों को जरूरी आयोजन के लिए मिलता था। अब मंगल भवन निर्माण कार्य पूरा होने और परिसर में खाली स्पेस और पार्किंग होने से लोग छोटे आयोजन को सामान्य दिनों में पंडाल लगाकर भी कर सकेंगे। पहले यह सुविधा भी नहीं मिलती थी।

# मवेशी पकड़ने 50 अतिरिक्त कर्मचारी रखने की तैयारी में निगम, आज तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- दो माह के लिए ठेका, कलेक्टर दर पर होगा भुगतान
- काऊकैचर में अमले का टोटा, दो पालियों में अभियान

आवारा मवेशियों के झुंड से त्रस्त शहरवासियों को अब राहत मिलने के आसार हैं। दो पाली में मवेशियों को पकड़ने नगर निगम 50 अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था कर रहा है। प्लेसमेंट पर इन कर्मचारियों को फिलहाल 2 माह के लिए कार्य कर रखा जाएगा। इसके एवज में उन्हें कलेक्टर दर पर मेहनताना दिया जाएगा। मंगलवार को इसके लिए एजेंसी तय होगी। साथ ही काऊकैचर के लिए 10 वाहन चालक रखे जाएंगे।

राजधानी सहित आउटर के इलाकों में सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों की धरपकड़ के लिए नगर निगम अब अमला बढ़ाएगा। सड़क हादसे को लेकर हाईकोर्ट के फरमान के बाद निगम प्रशासन ने दस जोन के लिए प्लेसमेंट पर 50 दक्ष कर्मचारी रखने टेंडर किया। इसके लिए मंगलवार को एजेंसी तय होगी, जिसमें 50 अतिरिक्त कर्मचारी और 10 वाहन चालक इस कार्य के लिए उपलब्ध होंगे।

### अभियान चलाकर पकड़ेंगे मवेशी

निगम आयुक्त के निर्देश पर दो पालियों में आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाने के लिए 50 अतिरिक्त कर्मचारी प्लेसमेंट पर रखने मंजूरी मिली है। साथ ही 10 वाहन चालक प्लेसमेंट पर रखे जाएंगे।
- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, ननि रायपुर

### मवेशियों की धमाचौकड़ी

दरअसल त्योहारी सीजन में शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और रिहाइशी इलाकों की सड़कों पर आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी और सांड के उत्पात से जहां एक ओर दुघर्टना का खतरा बढ़ गया है, वही देर शाम इन मवेशियों को पकड़ने कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है। काऊकैचर दस्ते में अमले का टोटा होने नगर निगम वर्तमान में केवल एक पाली में मवेशियों की धरपकड़ का कार्य करवा रहा है। वैसे तो दस जोन में 10 काऊकैचर उपलब्ध हैं, पर मवेशी पकड़ने दक्ष कर्मचारी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं।

# विद्यार्थियों को बताई जीवन जीने की कला

- चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई इकाई ने कुम्हारी में किया विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी आत्मानंद स्कूल, कुम्हारी में चैंबर ऑफ कॉमर्स की भिलाई इकाई ने एक अनूठा कार्यक्रम जिंदगी नहीं मिलेगी दोबारा का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला बताई गई। कार्यक्रम में चैंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने लक्ष्य पर एकाग्र होकर जीवन में सफलता पाई जा सकती है। इसके लिए कड़ी मेहनत और लगन की भावना होना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में चैंबर के महामंत्री अजय भसीन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा, सही तरीके से पढ़ाई करने और अनुशासन को जीवन में अपनाने से व्यक्तित्व निखरता है उन्होंने शिक्षा को जीवन के विकास का सबसे महत्वपूर्ण साधन बताया। कार्यक्रम में चैंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर बजाज ने छात्रों को अपने फैक्ट्री का भ्रमण कराने का आश्वासन दिया,




जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। इस मौके पर विक्रम सिंह देव का जन्मदिन स्कूल के विद्यार्थियों ने केक काटकर मनाया और उन्हें बधाई दी।

### पढ़ाई के साथ आमदनी बढ़ाने की जानकारी दी गई

चैंबर के उद्योग चैंबर इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष और स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने छात्रों को स्किल डेवलपमेंट, स्वरोजगार के अवसर, और पढ़ाई के साथ-साथ आमदनी के साधन किस तरह विकसित करें, इस पर सार्थक जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी नौकरियां केवल 7.5% ही होती हैं, इसलिए छात्रों को सरकारी नौकरी के पीछे न भागकर किसी न किसी स्किल को सीखने पर ध्यान देना चाहिए। यही स्किल्स उनके भविष्य को एक नई दिशा प्रदान करेंगी।

# नशे में बीच सड़क लोट रहा था सीएएफ का जवान, वीडियो वायरल

- जवान की पहचान नहीं हो पाई
- जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने कमांडेंट को सूचना देने की बात कही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडर पर एक सीएएफ जवान का शराब पीकर बीच सड़क पर लोटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में जवान वर्दी में डिवाइडर पर बैठकर शराब पीते दिख रहा है। जवान की हालत देख आने-जाने वालों ने उसे सड़क के किनारे कर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

जानकारी के मुताबिक, जवान किसी बटालियन से ड्यूटी करने रायपुर आया था। ड्यूटी के बाद जवान ने किसी शराब दुकान से शराब खरीदी और आमानाका ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडर के ऊपर बैठकर जाम छलकाया। इस दौरान वह इतनी ज्यादा शराब गटक गया कि उसे कुछ होश नहीं रहा और डिवाइडर पर बैठे-बैठे ही लुढ़क गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जवान के बैज को देखा तो उसमें सीएएफ लिखा था। जवान कहां का है, उसका नाम क्या है, इसकी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस कमांडेंट को सूचना देने की बात कह रही है।

# ई-रिक्शा सवार बदमाशों ने युवक को पीटा, 27 हजार लूटे, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर चौकी इलाके में एक युवक ने ई-रिक्शा चालक तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ जबरन अपने ई-रिक्शा में बैठाकर ले जाने तथा मारपीट कर कैश 27 हजार रुपए और मोबाइल लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट तथा लूट के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

- घटना गुढ़ियारी की रामनगर चौकी क्षेत्र की

पुलिस के मुताबिक, धन्नू चंद्रवंशी की शिकायत पर सूरज सारथी, राजेश धांडे, परमानंद धांडे तथा ओमप्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। धन्नू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार देर रात वह अपने दोस्त को छोड़ने के बाद बजरंग चौक ओवरब्रिज के नीचे ऑटो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ई-रिक्शा में लिफ्ट लेने आवाज लगाई। ई-रिक्शा चालक वापस ई-रिक्शा घुमाकर धन्नू के पास आया। इसके बाद ई-रिक्शा में सवार लड़के धन्नू के साथ मारपीट कर उसे जबरन ई-रिक्शा में अपने साथ बैठाकर ले गए और लूटपाट की। धन्नू ने ई-रिक्शा से कूदकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# सरकारी नौकरी वाले दिव्यांगों की जांच सालभर में नहीं हो सकी पूरी

- जारी हुआ था आदेश, मेडिकल बोर्ड तक नहीं पहुंच रहे दिव्यांग
- वर्ष 2019 के बाद सेवा में आने वाले दिव्यांगों जांच दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

फर्जी सर्टिफिकेट की मदद से सरकारी सेवा में आने वाले लोगों की पहचाने के लिए सालभर पहले जांच के आदेश का पालन अब तक नहीं हो पाया है। वर्ष 2019 के बाद सेवा में आने वाले दिव्यांगों को जांच के दायरे में लाया गया, मगर वे अपनी जांच कराने के मेडिकल बोर्ड के सामने प्रस्तुत ही नहीं हो रहे हैं। राज्य में करीब बीस हजार लोग दिव्यांग सर्टिफिकेट की मदद से शासकीय सेवा में कार्यरत हैं।

जानकारी के अनुसार, आंबेडकर अस्पताल में कार्यरत विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक स्टेट मेडिकल बोर्ड के सदस्य हैं। उनके द्वारा सामने आने वाले प्रकरणों की जांच के बाद संबंधित शख्स को सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। इसके अलावा जिला और संभाग स्तर पर भी चिकित्सा समिति कार्यरत हैं। सूत्रों का कहना है कि सालभर पहले उनके पास जांच करने के लिए आदेश तो आया था, मगर अब तक दिव्यांग उन तक नहीं पहुंचे हैं। नियम के मुताबिक, सरकारी सेवा में काम करने वाले दिव्यांगों को अपने प्रमाणपत्र के साथ जांच के लिए पहुंचना था, मगर उनके द्वारा जांच नहीं कराई जा रही है और उस मामले में विभागीय स्तर पर भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि राज्य में सरकारी सेवा में कार्यरत दिव्यांग सर्टिफिकेट वाले शासकीय कर्मचारियों की संख्या करीब बीस हजार है, जिन्हें अपनी जांच करानी है।

### नहीं आ रहे जांच कराने

राज्य मेडिकल बोर्ड में शामिल आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत जैन के मुताबिक, वर्ष 2019 के बाद सेवा में आने वाले शासकीय कर्मचारियों को फिर से जांच कराने का आदेश है, मगर जांच के लिए कोई नहीं आता। जिन दिव्यांग शासकीय कर्मचारियों की जांच करानी है, उनके दस्तावेज विभागीय स्तर पर प्रेषित किए जाने चाहिए और कर्मचारियों को तय तिथि में बोर्ड के सामने उपस्थित होने के निर्देश दिए जाने चाहिए।



### अब तक पांच बर्खास्त

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बीआर चंद्राकर ने बताया कि संगठन द्वारा अपनी याचिका में 18 लोगों पर आरोप लगाया गया था। इसके अलावा विभागीय स्तर पर 147 लोगों की सूची सौंपी गई थी। अब तक इस प्रकरण में पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और शेष लोग अपनी जांच कराने के लिए मेडिकल बोर्ड के सामने प्रस्तुत नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि शासन के आदेश को नहीं मानने वाले ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्ती की जानी चाहिए।

# भाजयुमो को दिया गया सात लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने बताया, सदस्यता अभियान में मोर्चा को सात लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। इसके लिए भाजयुमो को प्रत्येक जिले में भाजपा संगठन द्वारा प्रत्येक मंडल से 5-5 बूथ दिए जाएंगे। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने हैं।

श्री भगत ने रविवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा हुए बताया, पहले चरण में 6 से 17 सितंबर तक प्रत्येक बूथ में सदस्य बनाए जाएंगे। दूसरे चरण में ग्राम, वार्ड, मोहल्ला व विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय आदि स्थानों पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक जिला इकाई को सदस्यता का लक्ष्य प्रदान किया जाएगा। सदस्यों से मिस्ड कॉल के साथ ही फिजिकल फार्म भी भराया जाएगा, जिससे मिस्ड कॉल की जानकारी दिल्ली कार्यालय पहुंच जाएगी और फिजिकल फार्म का डाटा प्रदेश व स्थानीय जिला कार्यालय के पास रहेगा। सदस्यता अभियान को और सरल बनाने नमो एप सरल पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सदस्य बना जा सकता है। श्री भगत ने कहा, सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर समितियों की गठन किया गया है। इस अभियान के प्रभारी के रूप में रितेश मोहरे प्रदेश उपाध्यक्ष (प्रभारी), गौरी गुप्ता सहप्रभारी, अभिषेक प्रदेश मंत्री बिलासपुर, प्रताप सिंह प्रदेश सहप्रशिक्षण प्रभारी सरगुजा, सहप्रभारी लक्ष्मण झा सहप्रशिक्षण प्रभारी बस्तर बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### 125 शैक्षणिक संस्थानों में ग्रीन आर्मी की प्रशिक्षण कार्यशाला

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्थान द्वारा शनिवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर 125 स्कूल-कॉलेजों में प्रशिक्षण दिया गया। संस्था द्वारा युवाओं की पर्यावरण संरक्षण में क्या भूमिका हो, वे किस प्रकार से पढ़ाई करते-करते भी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं, इस विषय पर वृहद पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यशाला वंदेमातरम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से रायपुर शहर के 110 स्कूल-कॉलेजों एवं अन्य जिलों से 15 शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रायपुर नगर के सभी प्रमुख कॉलेजों दुर्गा कॉलेज, छत्तीसगढ़ मैक कॉलेज, पैलोटी कॉलेज, प्रगति कॉलेज, मैट्स पंडरी, हरिशंकर कॉलेज, डिग्री गर्ल्स कॉलेज, गुरुकुल कॉलेज, कोलंबिया, शासकीय स्कूल गोगांव, न्यूटेक पब्लिक स्कूल, गैलेक्सी पब्लिक स्कूल, शासकीय हाईस्कूल बोरिया, प्रांजल हाईस्कूल बोरिया, आत्मानंद स्कूल गोगांव, राधाकृष्ण स्कूल, अम्लेश्वरडीह सहित 125 शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### वाणिज्य और उद्योग महासंघ ने किया सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की ओर से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की कविता कुंभज (डायरेक्टर), राहुल कुम्भज (डायरेक्टर, अम्लेश्वर ब्रांच) को विशेष रूप से व्यापार मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मेहनत और सफलता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदेशभर से व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाणिज्य, व्यापार एवं श्रम मंत्री, अति विशिष्ट अतिथि खेल मंत्री टंकराम वर्मा, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीराम साहू, कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला और कुलसचिव शैलेंद्र पटेल रहे।

### सीएम से मिला ब्राह्मण महासभा का प्रतिनिधिमण्डल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में गत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। इसी दौरान सदस्यों ने शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिह्न देकर मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। सचिव सुरेश मिश्र ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में एकमात्र विश्वविद्यालय था, 62 कॉलेज उस समय हुआ करते थे, जिनके अध्यक्ष हमारे समाज के सदस्य थे। इस कार्यक्रम के संयोजक पं. अंजय शुक्ल थे।

## पेज 9 का शेष

### अज्ञात वाहन ने 9 ..

गाँव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि इस मार्ग पर गाड़ियां काफी तेज रफ्तार से चलती हैं, जिससे सड़क के आसपास बसे इस राखी-जोबा गाँव में काफी खतरा बना हुआ रहता है। चूंकि सड़क पर मवेशियों का झुंड अक्सर रहता है, वहीं, मवेशियों का झुंड रविवार रात दुर्घटना का शिकार हो गया। हालांकि सड़कों पर विचरण करते इन मवेशियों से आम जनता भी दुर्घटना की शिकार होती रहती है। दुर्घटना में कई लोगों की जान भी चली गई है। दरअसल प्रशासन मवेशियों सड़क से हटाने जुटी तो रहती पर, आमजनों खासकर पशु मालिकों को भी अपने मवेशियों को बांध कर या सुरक्षित स्थान पर रखे जाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

### रीति-रिवाज : प्राचीन मंदिर में आस्था व विश्वास के साथ पहुंचते हैं ग्रामीण

# बरगा के बंजारी मंदिर में बैल की मूर्ति व दूध चढ़ाने की है परम्परा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

थानखमरिया तहसील अंतर्गत स्थित ग्राम बरगा से लगभग 2 किमी पूर्व दिशा में खैरझिटीकला मार्ग पर मां बंजारी मंदिर स्थित है। मां बंजारी यहां कई वर्षों से विराजमान हैं। वर्ष 2012-13 में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ था। मंदिर को नाग-नागिनों के प्रतीक से सजाया गया है, और चारों ओर खेतों से घिरे होने के कारण हरियाली, पास से गुजरती नहर एवं आसपास वृक्ष आकर्षण का केन्द्र है।

जहां क्षेत्र के श्रद्धालु हर तीज त्यौहार, पर्वों एवं सुख-दुख में पहले पूरे आस्था और विश्वास के साथ भक्ति में मां के प्रति लीन हो जाते हैं। यहां पोरा पर्व पर नन्दी बैल और दूध चढ़ाने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है। पोरा पर्व पर मिट्टी से बने बैल और दूध चढ़ाने की परम्परा शुरूआत से ही है। इस दिन मंदिर में प्रातःकाल से ही भक्तों का तांता लगा रहता है। इस परम्परा को आज भी क्षेत्र के लोग पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ निभा रहे हैं। इस दिन श्रद्धालु मिट्टी के बैल, दूध एवं नारियल आदि चढ़ाकर मां बंजारी का पूजा करते हैं। इसके बाद ही अपने दिनचर्या का आरंभ करते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी नीलधर तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पोरा त्योहार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ पर्व है। भाद्र मास की अमावस्या को मनाते है इस दिन अन्नमाता गर्भ धारण करती है। बैल किसानी में सहायक हैं इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए किसान मां बंजारी को उनका प्रतीक भेंट करते हैं। इस दिन खेत जाने की मनाही होती है और किसान अपने घरों में रहकर बैलों को सजाते हैं एवं उन्हें नहलाकर पूजा-अर्चन करते हैं। जिनके यहां बैल नहीं हैं वह मिट्टी से बने बैंलों की पूजा करते हैं।

बताया जाता है कि हर पर्वों में श्रद्धालु बंजारी मंदिर आते हैं। पोला पर्व पर सायंकालीन ठाकुर देव में महिला एवं युवतियों द्वारा पोरा अर्पण भी किया जाता है। सोमवार को पोरा पर्व में मिट्टी के बैल व दुध चढ़ाने बरगा, खैरझिटीकला, सेमरिया, नयापारा, सोनचिरैया, हांटरांका, तोरन, चीचगांव, चुहका आदि गांवो से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, बैल किसानी में सहायक हैं इसलिए मां बंजारी को मिट्टी से बने बैल को प्रतीकात्मक रूप से समर्पित कर उनकी भी सुरक्षा की कामना करते हैं। मंदिर के आसपास नाग नागिनों को विचरण करते अनेको बार देखे जाते हैं इसलिए उनके लिए भी श्रद्धालु इस दिन दूध रखते हैं।



#### हर दिन रहता है भक्तिपूर्ण वातावरण

शिक्षक हेमंत साहू ने कहा कि मैं अपनी हर तीज त्यौहारों संस्कृति को परम्परागत रूप से मनाने के लिए तत्पर रहता हूं। मैं कक्षा में विद्यार्थियों को भी प्रेरित करता हूं ताकि छत्तीसगढ़ अंचल की कोई भी परम्परा विलुप्त ना हों। इसी तरह पूनाराम साहू, ग्रामीण बरगा ने कहा कि आज तो विशेष पर्व है लेकिन बंजारी मंदिर में हरदिन हरपल भक्तिपूर्ण वातावरण रहता है। यहां आकर मन में सकारात्मक अनुभूति होती है। नारायण सिंह पटेल, चुहका ने कहा, पोरा पर्व हम किसानों के लिए बड़ा त्यौहार है। बैल किसानी में हमारी सहायता करते हैं। आज का दिन उन्हें समर्पित है। कृतज्ञताबोध के साथ उनकी रक्षार्थ मनोकामना लेकर मंदिर पहुंचे हैं।

# सिंघौरी स्कूल से रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत हाईस्कूल सिंघौरी से बच्चों एवं असाक्षर महिला, पुरुष तथा स्वयंसेवी शिक्षकों के साथ रैली निकालकर वार्ड नंबर 12, 13 एवं 16 का भ्रमण किया गया। जिसमें स्लोगन एवं फ्लेक्स के माध्यम से उल्लास साक्षरता का उद्देश्य लक्ष्य एवं कार्ययोजना को बताया गया।

■ उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य, लक्ष्य व कार्ययोजना को बताया

इस कार्यक्रम हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र कुमार साहू , एपीसी भूपेंद्र साहू ,संकुल समन्वयक पूनम साहू व्याख्याता राजेश गायकवाड़ एवं शिक्षक नुतेश्वर चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी सुनील झा ने किया। श्री झा ने बताया गया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम केवल असाक्षर को साक्षर ज्ञान ही करना नहीं बल्कि दैनिक जीवन में होने वाली प्रतिदिन की गतिविधि एवं समाज में एक श्रेष्ठ व्यक्ति एवं नागरिक का निर्माण करना है। साक्षरता केवल व्यक्ति विशेष में नहीं रहकर समाज एवं देश की विकसित राष्ट्र उत्थान के लिए समायोजन बनाता है। जिससे राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति अपने समझदारी के साथ मतदान में पूर्ण रूप से भाग ले सकें अपना अपना परिवार समाज का सही ढंग से मूल्यांकन कर सकें।

अंत में सभी बच्चे गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा उल्लास साक्षरता से संबंधित शपथ दिलाई गई। संबंधित संस्था के सीएससी धनीराम बंजारे द्वारा पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर संपन्न कराया गया।

# सिवनी स्कूल में बाल-कैबिनेट व इको क्लब का किया गया गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में बाल-कैबिनेट एवं इको क्लब का गठन किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा-8वीं के छात्र सूर्यदेव साहू को निर्विरोध शाला का प्रधानमंत्री चुना गया। इसके अतिरिक्त शिक्षा, वित्त, खेल, कानून एवं सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पर्यावरण, कृषि एवं उद्योग मंत्री सहित अन्य मंत्रियों का चुनाव भी किया गया।

विद्यालय के प्रधानपाठक परमानंद पाण्डेय ने गुलाल लगाकर सभी नव-चयनित बाल पदाधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय में चयनित बाल-कैबिनेट के समस्त बाल-पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में जानकारी देकर अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई।

शिक्षक आशीष कुमार वैष्णव ने बताया कि बच्चों को सामाजिक, शैक्षिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बाल-कैबिनेट का गठन एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों का विकास व निर्णय लेने की क्षमता के साथ-साथ सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार बंजारे, आशाराम सिन्हा व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस के युवाओं ने खोला मोर्चा

#### विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में रविवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली। जिला मुख्यालय में आयोजित मशाल रैली में युवक कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। युकां के प्रदेश सचिव प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में निकाली रैली में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथ में मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस भवन से पैदल मार्च करते सिग्नल चौक पहुंचे। जहां सभी ने जमकर नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोला ।

■ युकां ने मुख्यालय में निकाली मशाल रैली, नारेबाजी भी की

युवा कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए गलत का साथ दे रही है और सच को दबाने की कोशिश की जा रही है। बलौदाबाजार मामले में निर्दोष सतनामी समाज के लोगों के साथ बड़ा बुरा बर्ताव और घिनौनी हरकत की है। न्याय व्यवस्था बनाने के लिए प्रदेश में एक नई क्रांति लाने और मासूम निर्दोष लोगों की आवाज बनने वाले विधायक देवेंद्र यादव को भी इस भाजपा सरकार में जेल में बंद कर दिया है। प्रदेश में कहीं कोई कानून व्यवस्था नहीं है। भाजपा सरकार कठपुतली की तरह पुलिस को इस्तेमाल कर रही है। प्रदर्शन में ज़िला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष वसीम मुनीर,ज़िला अध्यक्ष एनएसयूआई राजू साहू ,विधानसभा अध्यक्ष, शुभम् वर्मा, शुभांक परगहनीय, अतुल साहू , आशीष तिवारी,जयंत जांगड़ा वतन मिश्रा, ऋत्विक तिवारी ,सशंक दूबे ,आरिफ़ भाटिया, दीपक दिनकर,गौरव छाबड़ा, नमन छाबड़ा मोहित अनंत ,राहुल जोशी ,सिद्धू दीवान ,श्यामलाल चतुर्वेदी,निलेश वैष्णव ,खेलवन ध्रुव,धनेश साहू, आत्मानंद सारथी, डिसेंट सिन्हा ,जासन,लेखू वर्मा दुष्यंत शर्मा ,महाराजी साहू , खिलेश्वर साहू , भूनेश्वर रजक ,भूपेन्द्र साहू ,द्वारिका साहू ,पवन साहू अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



#### विधायक की गिरफ्तारी से प्रदेश के युवाओं में आक्रोशः प्रांजल

मशाल यात्रा के अगुवाईकर्त्ता युकां नेता प्रांजल तिवारी ने आंदोलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने में तुली हुई है। अब तक पुलिस बलौदाबाजार मामले में कोई सबूत नहीं जुटा पाई है। यह साबित नहीं कर पाई है कि वह दोषी है। पुलिस और पूरी भाजपा सरकार आज तक उनके खिलाफ एक सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने जबरदस्ती जेल में बंद कर रखा है। खुलेआम बीच सड़क पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रोका जाता है। कांग्रेस के कार्यकर्ता शांतिपूर्वक आंदोलन करते हैं तो पुलिस से बल प्रयोग कर कुचलने की हरकत करती है। इससे प्रदेश के युवाओं में आक्रोश फैल रहा है। आगामी दिनों में और भी उग्र आंदोलन किए जाने की तैयारी है।

### किडनी से संबंधित बीमारियों पर चर्चा

**रायपुर।** नेफ्रॉन हेल्थ सोसाइटी द्वारा रायपुर स्थित एक निजी होटल में शनिवार को स्थापना समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान किडनी से संबंधित बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और बताया गया कि भारत में यह कितना व्यापक हो गया है। लोगों को इसके बारे में जागरूक और सूचित होना कितना महत्वपूर्ण है, साथ ही जोखिम कारक, प्रारंभिक पहचान और रोकथाम का महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष डॉ. जिग्नेश के. पंड्या द्वारा किया गया, उसके बाद कार्यक्रम में किडनी रोग से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें अतिथि वक्ता डॉ. उमापति हेगड़े ने मधुमेह किडनी रोग में प्रगति के बारे में बात की, डॉ. श्याम बंसल ने किडनी प्रत्यारोपण में प्रतिरक्षा बाधा और इसे दूर करने के तरीके के बारे में चर्चा की और डॉ. अनीश श्रीवास्तव ने महिलाओं में बार-बार होने वाले यूटीआई के बारे में जानकारी दी।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने सभी वार्डों का दौरा कर वहां की सभी बूथ कमेटियों को सक्रिय करने का काम शुरू कर दिया है। प्रदेश में इस साल के अंत में स्थानीय निकाय के चुनाव प्रस्तावित हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी करने के बाद कांग्रेस ने सभी वार्ड प्रभारियों को सक्रिय कर दिया है। वे लगातार बूथ कमेटियों की बैठक लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण और अन्य मुद्दों के बारे में कार्यकर्ताओं को जागरूक कर रहे हैं।

■ मतदाता सूची पुनरीक्षण के साथ शुरू हुआ बैठकों को दौर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को सक्रिय कर दिया है। पिछले माह से वार्ड प्रभारी लगातार दौरा कर अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति मजबूत बनाने की योजना तैयार कर रहे हैं। अगले माह चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग कार्यक्रम जारी कर सकता है, इस संभावना को देखते हुए बैठकें प्रतिदिन हो रही हैं।

वार्डों में हो रही बैठकों में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। चुनाव का माहौल बनाने का प्रयास अभी से शुरू हो गया है। बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी भी लगातार फीडबैक ले रही है। प्रदेश में आधे से ज्यादा निकायों पर कांग्रेस का दबदबा है और नवंबर-दिसंबर में होने वाले चुनावों का पूर्वानुमान लगाकर अभी से प्रभारी भेजे जा रहे हैं। संगठन ने आगे भी इसी तरह के प्रयास और सक्रियता को जारी रखने की योजना तैयार की है।

#### दावेदार सक्रिय

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पार्टी के तैयारी के साथ ही दावेदार भी सक्रिय हो गए हैं। दावेदारों को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार टिकट के लिए काफी मारामारी होगी। पार्टी क्षेत्र में सक्रिय लोगों को वहां से मौका देगी। सभी वार्डों में जहां पर बूथ कमेटी सक्रिय नहीं है, उन्हें भी सक्रिय किया जा रहा है। बूथ, सेक्टर और जोन के कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में ही ध्यान देने कहा गया है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। कांग्रेस को नगरीय निकाय चुनाव जीतने के लिए सक्रिय और काम में अच्छा प्रदर्शन देने वाले नेताओं को वरिष्ठ और स्थानीय नेता परखेंगे।

# छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक में लिए गए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज की आवश्यक बैठक शनिवार को ग्राम गोड़गिरी में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों की चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद विभिन्न सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें सामाजिक संविधान की धाराओं के अनुरूप निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान समाज के सलाहकार वरिष्ठ समाजसेवी भूलूराम वर्मा ने आगामी राज प्रधान जो कि महिलाओं के लिए आरक्षित है तथा केंद्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु समाज के समस्त मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। मतदान निर्धारित बूथों पर 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक होना है। कार्यक्रम के अंत में राजप्रधान चंद्रशेखर परगनिहा ने आभार प्रदर्शन किया, राजमन्त्री रोहित वर्मा ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। बैठक में चंद्रशेखर परगनिहा राजप्रधान धमधा राज, उपराज प्रधान शिवा चंद्रवंशी,सचिव कमलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, संरक्षक तोरण लाल नायक, अरुण परगनिहा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# साक्षरता सप्ताह की शुरुआत, प्रभात फेरी निकाली




**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार को पूरे प्रदेश में देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में उल्लास साक्षरता रथ को हर्षोल्लास से रवाना किया गया और साथ ही विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी और उल्लास साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा असाक्षरों को साक्षर करने के उद्देश्य से उल्लास शपथ भी दिलाई गई। इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष, कलेक्टर, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष, प्रमुख नागरिक, और साक्षरता से जुड़े अधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदेश के कई स्थानों पर उल्लास साक्षरता संबंधी नारों का दीवारों पर लेखन भी किया गया। इसके अलावा, 2 सितंबर को साक्षरता पर केंद्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग, और रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस साक्षरता सप्ताह का उद्देश्य प्रदेश के हर कोने में साक्षरता की अलख जगाना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाना है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हरदी भिंभौरी स्कूल में कराया न्यौता भोज का

**बेमेतरा/भिंभौरी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दिवंगत केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा की स्मृति में धमधाराज के ग्राम हरदी भिंभौरी में बुधवार को न्यौता भोज का आयोजन नीलकंठ वर्मा एवं सीमा वर्मा के संयोजन में किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र- छात्राओं सहित तीनों स्कूल के समस्त स्टॉफ के साथ ही धमधाराज के राजप्रधान चंद्रशेखर परगनिहा, ग्राम हरदी के वरिष्ठ नागरिक भूलूराम वर्मा, भुवन वर्मा, सालिकराम वर्मा, दुर्गा प्रसाद टिकरिहा, शिवा चंद्रवंशी, कमलेश कुमार वर्मा, राहुल टिकरिहा, शाला समिति के अध्यक्ष उधव पाल, प्रवीण वर्मा, दीपक गुप्ता आदि शामिल रहे।

### परपोड़ी मंडल सदस्यता प्रभारी बनाए गए मनोज



**देवकर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ने नगर पंचायत देवकर के पार्षद मनोज शर्मा को परपोड़ी मंडल सदस्यता प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्र के भाजपा नेता माधव यादव ,बद्री सिन्हा, सनी साहू,महेश कुंजाम ,बुधारू साहू,गोल्डी साहू,सहित सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुक्ति पर श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा दिए गए सदस्य लक्ष्य को पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की बदौलत पूरा किया जाएगा।

### कांकेर जिला प्रभारी बनाए गए स्वाधीन

**डोंडी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी एवं भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन पर एवं मोर्चा के प्रदेश प्रभारी डॉ.सलीम राज की सहमति से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के लिए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने प्रदेश सदस्यता टीम की घोषणा की है। टीम में स्वाधीन जैन को कांकेर जिला का प्रभारी बनाया गया है स्वाधीन जैन ने पूरे प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पूरे 6 साल में इस सदस्यता अभियान को एक महापर्व के रूप मनाती है। ऐसे में आज मुझे कांकेर जिले का प्रभारी बनाया है। उन्होंने कहा कि कांकेर में हम सभी अल्पसंख्यक मोर्चा के लोग मिल कर शत प्रतिशत सदस्य बनाएंगे। स्वाधीन जैन को सदस्यता अभियान कांकेर जिले का प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा बालोद जिला अध्यक्ष पवन साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### कलंगपुर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बने कुशलराम

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर में रविवार को ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों का गठन किया गया। सर्व सम्मति से कुशल राम साहू को अध्यक्ष पद चुना गया। वहीं, उपाध्यक्ष मिलन सिन्हा और सुकचरण साहू, कोषाध्यक्ष इंद्र कुमार साहू, सचिव शत्रुहन महतो सहसचिव डिलेशवर साहू को चुना गया।

**पर्व : किसानों ने बैलों को नहला-धुलाकर की पूजा, कई जगह हुई बैल दौड़**

# पारंपरिक रूप में धूमधाम से मनाया गया पोला







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के प्रमुख त्योहारों में से एक पोरा अंचल में पारंपरिक रूप से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जहां किसानों ने अपने पशुओं को नहला-धुलाकर उन्हें सजाकर उनकी पूजा की। वहीं, बच्चों ने भी मिट्टी से बने बैलों की पूजा कर बैल दौड़ का आनंद लिया। इसके साथ ही लड़कियों ने मिट्टी से बने रसोईं में काम आने वाले बर्तनों से खेल खेला। पोला पर्व पर कुम्हार के घर से मिट्टी के बैल, बढ़ई घर से लकड़ी के बैल व बाजार से खरीद कर नंदिया बैल के साथ ही जांता-पोरा सहित मिट्टी से बने अन्य खिलौने लेकर लाए गए थे। उन्हें सजाकर घर की देवी-देवता के साथ ही पूजा-अर्चना की गई।

▪ बालिकाओं ने जांता-पोरा सहित गृहस्थी में काम आने वाले मिट्टी के खिलौने खेले

### बच्चों ने दौड़ाए नंदी बैल

ग्रामीण अंचलों में जहां किसानों ने बैलों की पूजा की, वहीं बच्चों ने मिट्टी से बने बैलों के साथ खेला। कई जगह होने वाले बैल दौड़ की ही तरह बच्चों ने भी अपने मिट्टी के बैलों को दौड़ाने लेकर खासा उत्साह देखा गया। उधर, शाम को महिलाओं ने एक नियत स्थान पर पहुंचकर पोरा पटकने की परंपरा निभाई। महिलाओं ने ठेठरी, खुरमी सहित छत्तीसगढ़ के अन्य पारंपरिक व्यंजन पोरा में भरकर लेकर अपनी सहेलियों के साथ लाईं और पोरा पटकने की रस्म अदा की।

### लड़कों ने मिट्टी के बैल दौड़ाकर लिया आनंद





### पशुधन की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना

ग्रामीण अंचल में इस दौरान गांवों में पशुधन की पूजा-अर्चना कर धन धान्य और सुख समृद्धि की कामना की गई। बच्चों ने नंदी बैल दौड़ाकर और मिट्टी के खिलौने खेलकर खूब आनंद उठाया। घरों में तैयार छत्तीसगढ़ी पकवान व्यंजन जैसे ठेठरी, खुरमी, मिर्ची भजिया, कटुवा, गुड़ के बने चीला सहित अन्य तरह मनभावक पकवानों का लोगों ने लुत्फ उठाया। पोला पर्व के कारण खेतों में काम बंद रहा। घरों में नंदी बैल, जाता-पोला और अन्य मिट्टी के खिलौनों की आराध्य देवी-देवताओं के साथ पूजा अर्चना की गई। गुलगुजा भजिया, चीला रोटी सहित अन्य पकवानों का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। पोला त्योहार मनाने के पीछे मान्यता है कि भादो माह में खेती-किसानी काम समाप्त होने के बाद इसी दिन खेतों में लगाये गये धान की बालियों में दूध भरने लगता है। इसकी खुशी और बेहतर उत्पादन की आस में यह त्यौहार मनाया गया।

### शहर में पोला त्यौहार की रही धूम

जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 1 और 2 पिकरी बेमेतरा में पोला त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने पोला के अंदर पकवान एवं प्रसाद रखकर मंदिर एवं पीपल पेड़ के जड़ के पास पोला पटका। इसके साथ ही उनके लिए कुर्सी दौड़, फुगड़ी के साथ ही किसानों के लिए बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही, भोजली विसर्जन किया गया। सभी वार्ड मोहल्लों से रामधुनी मंडली द्वारा राम नाम संकीर्तन करते हुए एवं एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए पहुंचे। मानपुर पर से बड़ी संख्या में कन्या भोजली सिर पर रख करके विसर्जन के लिए पिकरी तालाब पहुंचीं। इस अवसर पर श्रीरामचरितमानस संघ जिला अध्यक्ष अनिल रजक, नगरपालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, कोमल यादव, अशोक साहू,तारण वर्मा,बनवाली साहू, संतोष साहू,उमाशंकर साहू,धरमू वर्मा,अजय वर्मा,प्रभु वर्मा,गोपी वर्मा,बल्लू साहू ,प्रियंक वर्मा, मया वर्मा, प्रेम वर्मा, सुनिता रजक, श्रीराम रजक, मोहन यादव, देवकी साहू, रोशनी साहू, अतुल वर्मा, संजय साहू, मनोज वर्मा,किसुन साहू,सतीश साहू,सहित महिला और पुरुष अनेक लोग उपस्थित थे।

# मनियारी में पोला पर्व पर यादव समाज ने मनाई कृष्णजन्माष्टमी



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी में यादव समाज ने पोला पर्व पर कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया। हर वर्ष की भांति ग्राम मनियारी में ग्रामीण व यादव समाज ने गौठान में कृष्ण जन्माष्टमी उत्साह व उमंग के साथ धूमधाम से मनी। कार्यक्रम के आयोजन पर यादव समाज द्वारा नन्हे बालक को कृष्ण स्वरूप तैयार किया गया। इसके साथ ही यादव समाज ने अपनी वेशभूषा के साथ तैयार होकर गाजे-बाजे की ताल में झूमते-नजते व बजाते हुए ग्राम के गलियों में भ्रमण किया गया। वही चौक-चौराहे में दही हांडी बांध रखे हुए थे जिन्हें भ्रमण के दौरान मटकी फोड़ते हुए दही लूट किया गया। उसके बाद गौठान में भव्य दही हांडी का आयोजन किया गया। उसके बाद खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा के भूतपूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल का पूरा सहयोग मिला। इन्होंने कहा कि यादव समाज का गौरवशाली इतिहास किसी को बताने की जरूरत नहीं है। यादव समाज के लोग जितने सेवाभावी और ईमानदार होते हैं उतने ही पराक्रमी और वीर भी होते हैं इसीलिए समाज के लोगों को रक्षक के रुप मे भी देखा जाता है। यादव समाज का उनका बहुत ही करीब का नाता रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ही हमें सिखाते हैं कि जीवन कर्म प्रधान है। अगर हम कर्मशील हों तो किसी भी देश काल या परिस्थिति में विजयी होते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा जो कार्य धर्म के अनुकूल होता है वही धर्म है और मानव का कर्म है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ना और जीतना सिखाता है। भगवान कृष्ण बाल्यावस्था में मां यशोदा के साथ हरि का अवतार होते हुए वात्सल्य से ओतप्रोत अपना कर्तव्य निभाया। उन्होंने पशु प्रेमी होने के कारण गाय चराने जंगल भी गए। यादव समाज के लिए गौरव की बात है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रवि यादव, हेमलाल यादव, शिवदयाल यादव, तातू यादव, उचित यादव, महेश, राजू, दिनेश, रमेश, रूपेश आदि ग्राम मनियारी यादव सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहकर कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई।



### रामकृष्ण गौशाला में पोला पर्व में गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई

**थान खमरिया।** भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर गौ माता को गौभक्तों द्वारा खिचड़ी खिलाई गई । आज भी गाय और बैल को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मवेशियों का इस देश की कृषि में महत्वपूर्ण योगदान है। हिंदू धर्म में भी गाय बैल और मवेशियों को पूजने की परंपरा है। दीपक तिवारी ने बताया विगत सालों से गौशाला में गौमाता देख- रेख के अभाव में कमजोर व दयनीय हो गई थी। अब नए गोपालक के आने से गौशाला व गायों की स्थिति में सुधार आएगा, ऐसा हम सबका प्रयास रहेगा।

### चीजगांव में पोला पर्व पर रामधुनी का आयोजन

**बेमेतरा।** ग्राम चीजगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ रामधुनी का आयोजन किया गया। रामधुनी आयोजन रविवार शाम 6 बजे से प्रारंभ हुआ। लगातार 24 घंटे तक हाथों की थाप से सीताराम- सीताराम का नाम लेते हुए और मांदर और गाजे बाजे के साथ रामधुनी का आयोजन किया गया। भगवान के नाम का सुमरन किया गया। सोमवार की संध्याकालीन पर हवन-पूजन, श्रीराम एवं मां शीतला की आरती पश्चात आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर कन्या भोजन का भी आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ अंचल के गांव-गांव में गूंजती हुई , आवाज जिन्हें हम सभी राम सत्ता के नाम से जानते हैं। जिन्हें हमारे पूर्वजों ने खुशहाली हरियाली प्राकृतिक के सभी देने के लिए जपते और भजते आये हैं और उन्ही भाव को देखते हुए ग्राम चीजगांव के शीतला प्रांगण के पास रामधुनी का आयोजन रखा गया। इस पावन अवसर का ग्रामीणजन समेत पोला त्यौहार पर्व में आये हुए पहुनाओं ने भी अपनी-अपनी उपस्थिति प्रदान कर रामधुनी आयोजन को सफल बनाया।



# छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महकी रसोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्रामीण अंचल का प्रमुख पर्व पोला नवागढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह और उमंग से मनाया गया। इस दौरान गांवों में पशुधन की पूजा-अर्चना कर धन धान्य और सुख समृद्धि की कामना की गई। बच्चों ने नांदिया बैल दौड़ाकर और मिट्टी के खिलौने खेलकर खूब आनंद उठाया। घरों में तैयार छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी सहित अन्य तरह मनभावक पकवानों का लोगों ने लुत्फ उठाया। पोला पर्व के चलते खेतों में काम बंद रहा।

ग्रामीण इलाकों में देर रात्रि से ही बैगाओं की टोलियों ने घूम-घूमकर कर गांव के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर बेहतर उपज की कामना करती रहीं। वहीं, घरों में नांदिया बैल, जांता-पोरा और अन्य मिट्टी के खिलौनों की आराध्य देवी-देवताओं के साथ पूजा अर्चना की गई। गुलगुला भजिया, चीला सहित अन्य पकवानों का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। लोगों ने घरों में बने ठेठरी, खुरमी सहित अन्य पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। वहीं, अब लोग पोला के बाद तीजा पर्व मनाने की तैयारी है।

### दो दिन बाद तीजा, बाजार में रौनक

पोला पर्व के दो दिन बाद सुहागिनों द्वारा मनाया जाने वाला तीजा पर्व हरतालिका तीज मनाया जाएगा। तीजा मनाने के लिए पोला पर्व के बाद मंगलवार से विवाहित बेटियों का ससुराल से मायके आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। तीजा पर पूजा करने के लिए महिलाएं नई साड़ियां, श्रृंगार सामग्री, जेवर की खरीदारी करती हैं। इसे देखते हुए बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है।



# ढोलिया में साक्षरता जागरुकता के लिए निकाली गई रैली




**बेमेतरा।** संकुल केंद्र बिलई के ग्राम ढोलिया में साक्षरता सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा ने जनप्रतिनिधियों ग्रामवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को उल्लास नव भारत साक्षरता के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान में अपना योगदान देने का आह्वान किया और उल्लास शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए प्राथमिक शाला में समाप्त हुई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने साक्षरता के लिए नारे लगाकर, साक्षरता गीत गाकर ग्राम वासियों को जागृत करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य तिवारी, पूर्व सरपंच लेखूराम साहू, बीईओ अरुण कुमार खरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र साहू, सहायक परियोजना समन्वयक भूपेंद्र साहू, संकुल समन्वयक योगेश साहू, प्रधान पाठक विनोद कुमार सेन, संस्था की शिक्षिकाएं अर्चना झा, सुकन्या राजपूत, हेमलता साहू सहित खेलावन साहू, अंजू दीवान, गणेश साहू, जान कुँवर और ग्रामवासी उपस्थित थे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
▸ पॉली ट्रॉमा
▸ मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
▸ कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
▸ पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
▸ हड्डियों से मवाद रिसना
▸ ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### एक दिन में ही 57 मवेशी पकड़े निगम ने

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में घूमंतु मवेशियों को पकड़ कर गोठान में छोड़ने का कार्य किया गया। 15 गाय, 28 नंदी, 8 बछरू , 4 भैंस पकड़े गए। कुल 57 मवेशियों की धर-पकड़ की गई। पकड़ा गया।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

**33 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर 21 को होगा उग्र आंदोलन**

# शिक्षक दिवस को डीएड-बीएड संघ कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

33 हजार शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर शिक्षक दिवस के दिन छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में डीएड-बीएड प्रशिक्षित युवा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे जाने वाले ज्ञापन के माध्यम से प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ जल्द से जल्द शिक्षक भर्ती की मांग करेगा। जिसे लेकर जिला मुख्यालय में संघ की बैठक हुई।

मीडिया प्रभारी परमेश्वर पटेल ने बताया कि प्रदेश भर के लाखों डीएड एवं बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी लंबे समय से शिक्षक भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे हैं । विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के घोषणा-पत्र में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती किए जाने का उल्लेख था। जिस पर भरोसा करते हुए हम सभी प्रशिक्षित बेरोजगारों ने बड़ी संख्या में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया।जिसकी वजह से प्रदेश में भाजपा की बहुमत प्राप्त सरकार बनी है। संघ ने चेतावनी दी है कि 15 सितंबर तक 33 हजार शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर आगामी 21 सितंबर को राजधानी रायपुर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। 5 सितंबर को बेमेतरा जिले के प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के सदस्यों द्वारा जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा । बैठक में छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के जिलाध्यक्ष दीनबंधु साहू,उपाध्यक्ष कैलाश साहू,सुखदेव गायकवाड़,सचिव प्रदीप पाठक, कोषाध्यक्ष दिलेश्वर वर्मा,संयोजक तारण साहू, थानखमरिया तहसील अध्यक्ष डाकवर साहू, साजा ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज साहू, बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष अंचल, नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार,बेरला ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र मौजूद रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411